बी ए/बी-एस सी/बी कॉम सभी सेमेस्टर मिड टर्म परीक्षा / असाइनमेंट के संबंध में

अतिआवश्यक सूचना

दिनांक- 12 दिसंबर 2023

महाविद्यालय के बी ए/बी-एस सी/बी कॉम सभी सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उत्तरप्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 1058/सत्तर-1-2023-16(11)/2014 टी सी-11 दिनांक 17 जुलाई 2023 के बिन्दु संख्या -7 के अनुपालन में मिड टर्म परीक्षा के स्थान पर विद्यार्थियों का समग्र सतत आंतरिक मूल्यांकन (CIE) होना है । जिसके तहत कक्षा में उपस्थिति, सक्रिय सहभागिता, संबन्धित विषय में अभिरुचि तथा प्रदत्त असाइनमेंट्स/प्रोजेक्ट वर्क में प्रदर्शन, आदि के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा ।

अतः बी ए/बी-एस सी/बी कॉम सभी सेमेस्टर के छात्र-छात्रा अपने प्रवेश पत्र में अंकित सभी मेजर तथा माइनर विषयों में अलग-अलग असाइनमेंट/प्रोजेक्ट फ़ाइल **दिनांक 30 दिसंबर 2023 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे के मध्य** संबंधित विषय के प्राध्यापक के पास जमा करें। सतत आंतरिक मूल्यांकन (CIE) हेतु सभी संकायों, सभी कक्षाओं तथा सभी विषयों की असाइनमेंट्स की फ़ाइल्स निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार हस्तलिखित रूप से तैयार की जाएँगी –

खंड- क अति लघुउत्तरीय प्रश्न (कुल 10 प्रश्न)	प्रश्न संख्या- 1 से 10	विद्यार्थी को स्वयं ही विषय से संबंधित दस अति लघुउत्तरीय प्रश्न बनाने हैं तथा अधिकतम 3 पंक्तियों में उनका उत्तर लिखना है ।
खंड- ख लघुउत्तरीय प्रश्न (कुल 2 प्रश्न)	प्रश्न संख्या- 11 व 12	विद्यार्थी को स्वयं ही विषय से संबंधित दो लघुउत्तरीय प्रश्न बनाने हैं तथा 20 से 30 पंक्तियों में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखना है ।
खंड- ग दीर्घउत्तरीय प्रश्न (कुल 01 प्रश्न)	प्रश्न संख्या- 13	विद्यार्थी को स्वयं ही विषय से संबंधित एक दीर्घउत्तरीय प्रश्न बनाना है तथा अधिकतम 30 से 40 पंक्तियों में उसका उत्तर लिखना है ।

असाइनमेंट फ़ाइल के प्रथम पृष्ठ पर विद्यार्थी अपना नाम, पिता का नाम, कक्षा, रोल न, संबंधित विषय का नाम तथा संबंधित प्राध्यापक का नाम अवश्य लिखें ।

आज्ञा से प्राचार्य